आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566    डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13  अंक : 40  लखनऊ, शनिवार 28 जनवरी 2023 से 06 फरवरी 2023 तक  पृष्ठ–8  मूल्य : एक

## २० लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट–स्मार्टफोन दिए : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शुक्रवार को लखनऊ स्थित सैनिक स्कूल में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तकनीकी रूप से डिग्री प्राप्त करने के दौरान छात्र–छात्राओं को कोई समस्या न हो इसके लिए हमने २ करोड़ विद्यार्थियों को टैबलेट–स्मार्टफोन वितरण के कार्यक्रम को हाथों में लिया है। अब तक २० लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को यह सुविधा उपलब्ध करा चुके हैं। सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा




'परीक्षा पे चर्चा' के अवसर पर लखनऊ में विद्यार्थियों को टैबलेट व 'EÛam Warriors' पुस्तक वितरण और स्वविद्या समीक्षा केन्द्र के उद्घाटन कार्यक्रम में...। सीएम ने कहा कि देश के पहले सैनिक स्कूल में एकत्र होकर आप सभी पीएम की परीक्षा पर चर्चा में शामिल हो रहे हैं। यह सैनिक स्कूल १९६० में तत्कालीन सीएम डॉ. संपूर्णानंद जी ने स्थापित किया था। देश का पहला सैनिक स्कूल था। यूपी में वर्तमान में पांच सैनिक स्कूल अगले साल तक शुरू हो जाएंगे। यहां बालिकाओं को भी प्रवेश मिलता है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह उपस्थित थे।

## वकीलों की पिटाई करने के मामले में मोहनलालगंज एसीपी को हटाया

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में कुछ दिन पहले अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मी के बीच हुए विवाद में मोहनलालगंज के एसीपी धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी पर अधिवक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए थे। उनकी कार्यशैली से नाराज होकर पुलिस आयुक्त एसबी शिरोडकर ने उन्हें हटा दिया। इसके अलावा कानून व्यवस्था को और भी बेहतर बनाने के मकसद से आठ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। गौरतलब है कि बीते ३१ दिसम्बरी को मोहनलालगंज क्षेत्र में नाराज अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय राज्यमार्ग को बंद कर दिया था। अधिवक्ताओं का आरोप था कि मोहनलालगंज कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों ने साथी अधिवक्ता की पिटाई कर उन्हें हवालात में डाल दिया था। जब अधिवक्ताओं ने एसीपी मोहनलालगंज धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी से शिकायत की तो वह अभद्रता करने लगे। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने स्थानीय प्रपटी डीलर को भी संरक्षण देने का भी आरोप लगाया था। यह यह मामला तूल पकड़ने लगा तो पुलिस आयुक्त ने एसीपी के खिलाफ जांच बैठाई थी, जिसमें उन्हें दोषी पाते हुए लेखा भेज दिया गया। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने ६ सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसीपी महानगर जया शांडिल्य को एसीपी अपर पुलिस उपायुक्त और महिला अपराध का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसीपी अपराध नेहा त्रिपाठी को एसीपी महानगर, एसीपी यातायात अभिनव को एसीपी प्रभार भवन का अतिरिक्त कार्यभार, एसीपी कार्यालय दद्दन प्रसाद गौड़ को एसीपी यातायात, एसीपी लेखा राजकुमार सिंह को एसीपी मोहनलालगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आरोपी यजदान बिल्डर्स के मालिक फहाद यजदानी की मुख्यमंत्री से अपील

लखनऊ। अलाया अपार्टमेंट के हादसे को लेकर यजदान बिल्डर्स के फहाद यजदानी ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि न तो इस घटना से उनका या यजदान बिल्डर्स का कोई लेना–देना नहीं है। नवाजिश और मो. तारिक के कहने पर उन्होंने वर्ष २००६ और २०१० में तीन फ्लैट बिकवाये थे। निर्माण में यजदान बिल्डर्स या उनका कोई हाथ नहीं है। उन्हें जबरन मामले में घसीटते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। वहीं इस वीडियो में फहाद ने घटना पर अफसोस जताते हुए पीड़ित परिवारों के लिए अपनी संवेदना प्रकट की है। वायरल वीडियो में फहाद यजदानी ने आरोप लगाया कि घटना से पूर्व नवाजिश के पिता सपा नेता शाहिद मंजूर खुद ही खड़े होकर बिल्डिंग के बेसमेंट में खोदाई करा रहे थे। इसे लेकर उनका दो दिन पूर्व अपार्टमेंट वासियों से विवाद भी हुआ था, पर इसके बाद भी खुदाई का काम जारी रखा गया। फहाद ने कहा है कि अपार्टमेंट के बेसमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद है। पुलिस मलबे से कैमरों को निकलवाकर उनके फुटेज चेक करे तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। फहाद यजदानी ने कहा है कि कुछ दिनों पहले प्रशासन ने उनकी एक बिल्डिंग को अवैध बताकर तोड़ दिया था, जिसका उन्होंने कोई विरोध नहीं किया। पर अब अलाया अपार्टमेंट के मामले में उन्हें जबरन फंसाया जा रहा है। इस मामले को लेकर उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की है। अगर कोर्ट की ओर से एक सप्ताह में कोई राहत नहीं मिलती तो वे १० दिनों के अंदर खुद ही सरेंडर कर देंगे। फिलहाल नवाजिश शाहिद और उसके चचेरे भाई मो. तारिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। फहाद फरार है। वहीं तीसरे फरार आरोपी फहाद का एक वीडियो सामने आने का पता चला है। वीडियो में बताई गई बातों पर भी जांच की जा रही है। –अपर्णा रजत कौशिक, डीसीपी मध्य

## मुख्यमंत्री योगी ने सरकारी आवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

लखनऊ। आज पूरा देश ७४वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। सभी गणतंत्र दिवस के जश्न में डूबे हैं। इसी कड़ी में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज ७४वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर झंडा फहराया और लोगों को संबोधित किया। वहीं यूपी की राजधानी लखनऊ में विधानसभा पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ध्वाजारोहण कर परेड की शलामी ली। विधानसभा पर सुबह परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा पर हेलिकप्टर से फूल भी बरसाए गए।बता दें कि, गणतंत्र दिवस पर लखनऊ में परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसके लिए लखनऊ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। लखनऊ एयरपोर्ट तिराहे से ले कर एयरपोर्ट टर्मिनल एक और टर्मिनल दो तक विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। आज देश में ७४वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। इसके बाद हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई है। योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा



कि, ष्सभी प्रदेश वासियों को ७४वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! हमारा गणतंत्र श्रेष्ठ लोकतांत्रिक मूल्यों व आदर्शों का पोषक है।' उन्होंने कहा कि, ष्आइए, आज के महान अवसर पर हम सभी अपने अमर स्वाधीनता सेनानियों के प्रति' तज्ञता ज्ञापित कर उनके सपनों का भारत बनाने हेतु संकल्पित हों। जय हिंद!ष्राजधानी में विधानभवन के सामने पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के ४५ दस्तों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन कर्तव्यपथ पर किया। इसके आलावा १६ विभागों की झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया।

## भाजपा की दिल्ली इकाई कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों करेगी चर्चा

नयी दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव में अपनी हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेता शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी के अंदर मौजूदा संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में २०२४ के संसदीय चुनाव और २०२५ के दिल्ली विधानसभा चुनाव समेत आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया जाएगा जिसमें भाजपा नीत केंद्र सरकार की दिल्ली में विभिन्न पहलों एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डालने के साथ अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कथित ''भ्रष्टाचार और विफलता'' को ''बेनकाब'' किया जाएगा। एक पदाधिकारी ने बताया कि २०२२ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के हाथों हार समेत पिछले छह महीने में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि २०२४ लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुछ कार्यक्रमों



की घोषणा भी की जाएगी। पंत मार्ग पर दिल्ली भाजपा कार्यालय में पहले दिन की बैठक होगी। कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और इसमें प्रदेश पदाधिकारी एवं दिल्ली में पार्टी के सांसद तथा विधायक हिस्सा लेंगे। पार्टी के नेताओं ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जनपथ रोड स्थित आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में दूसरे दिन कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करेंगे।

# सम्पादकीय

## खामियाजा भुगतना पड़ता है

अमेरिका में बड़ी टेक कंपनियों में जा रही नौकरियों का सबसे बड़ा शिकार वहां रहने वाले भारतीय हुए हैं। वैसे, ये बात तार्किक भी है कि इस उद्योग में जिस देश के लोगों की सबसे ज्यादा भागीदारी है, जब संकट आएगा, तो सबसे ज्यादा मार भी उन पर ही पड़ेगी। बहरहाल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गूगल, फेसबुक आदि जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने लगभग दो लाख कर्मचारियों को हटा दिया है, जिनमें ८० हजार से अधिक भारतीय हैं। ये भारत ऐसे वीजा पर गए थे, जिनके तहत नौकरी ना रहने पर ६० दिन के अंदर उन्हें अमेरिका छोड़ना होगा। जाहिर है, उनमें से ज्यादातर को जल्द ही भारत लौटना होगा। आखिर जिस समय नौकरियां जाने का दौर है और इस वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी ग्रस्त होने की आशंका गहराती जा रही है, नई नौकरियां मिलने की गुंजाइश को न्यूनतम ही है। अचानक नौकरी जाने से उनके पूरे पारिवारिक जीवन का ताना–बाना डगमगा जाएगा। बहरहाल, वैश्वींत अर्थव्यवस्था में निहित यह अंतर्निहित जोखिम है। भारत जैसे देश, जिसने मैनुफैक्चरिंग और हाई टेक में अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी की है, वहां के कुशल कर्मियों की रोजगार पाने की उम्मीद विकसित देशों से जुड़ी होती है। उन देशों में जो स्थिति पैदा होती है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। इसका विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ–साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिछे। यह प्रयास ना करने का परिणाम भारतीय कारोबार की प्रतिस्पर्धा क्षमता में लगातार गिरावट आने के रूप में आया है, जिससे हाल के वर्षों में भारत को बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से मुंह मोड़ना पड़ा है। अमेरिका में बनी स्थिति फिर एक ऐसा मौका है, जिसे उनकी सरकार चाहे, तो अवसर बना सकती है।

## सुरक्षा में तैनात जवानों पर हमला करने वाला आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी दोषी करार

लखनऊ। एनआईए,एटीएस के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवानों पर हमला करने व आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहने के मामले में आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अभियुक्त के सजा के बिंदु पर



सुनवाई के लिए ३० जनवरी की तिथि नियत की है। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक चार अप्रैल २०२२ को इस मामले की एफआईआर विनय कुमार मिश्र ने थाना गोरखनाथ में दर्ज कराई थी। एफआईआर के मुताबिक गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवान अनिल कुमार पासवान पर अभियुक्त ने अचानक बांके से हमला कर दिया जिसमें अनिल कुमार पासवान गम्भीर रुप से घायल हो गए थे। आरोप है कि अभियुक्त ने पीएसी जवान का असलहा भी छीनने का प्रयास किया, छीनाझपटी के दौरान उनका राइफल सड़क पर गिर गया। कहा गया है कि उन्हें बचाने के लिए दूसरा जवान भाग कर आया, तो जान से मारने की नियत से अभियुक्त ने उस पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। अभियोजन के मुताबिक मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल जवान व उसके राइफल को उठाया, इस दौरान अभियुक्त अपना बांका लहराते व मजहबी नारा लगाते हुए, पीएसी पोस्ट की ओर दौड़ा, इससे लोगों में अफरा–तफरी मच गई। कहा गया है कि पीएसी के एक जवान ने अभियुक्त के हाथ पर एक बड़े बांस से प्रहार किया तब उसके हाथ से बांका गिर गया, फिर आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्त को पकड़ लिया गया। अभियोजन के मुताबिक अभियुक्त के पास से अन्य वस्तुओं के अलावा उर्दू भाषा में लिखी हुई एक धार्मिक किताब भी बरामद हुई थी। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा १६६ १८६२०४० की बढ़ोत्तरी की गई थी। बाद में विवेचना एटीएस को सौंप दी गई थी।

# उत्तर प्रदेश की आठ विभूतियों को पद्म अलंकरण, मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आठ विभूतियों को देश के शीर्ष नागरिक सम्मान श्पद्म अवार्डश से अलेंत किए जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसन्नता व्यक्त की है और विभूषित हस्तियों को बधाई दी है। बुधवार को वर्ष २०२३ के लिए पद्म अवार्ड सूची घोषित होने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ट्वीट किया। मुख्यमंत्री ने लिखा 'आज प्रतिष्ठित 'पद्म पुरस्कार' से सम्मानित होने वाली उ.प्र. की सभी आठ विभूतियों का हृदय से अभिनंदन! विभिन्न क्षेत्रों में आप सभी के उत्कृष्ट योगदान ने प्रदेश को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय पटल पर गौरवभूषित किया है। लक्ष्य के प्रति आप सभी का समर्पण अनुकरणीय है। आप सभी को बधाई! बता दें कि उत्तर प्रदेश की आठ हस्तियों को इस बार



देश के शीर्ष नागरिक सम्मान 'पद्म अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को (मरणोपरांत) 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किया जाएगा, जबकि साहित्य अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो.विश्वनाथ प्रसाद तिवारी सहित कला, साहित्य व शिक्षा, मेडिसिन, विज्ञान तथा सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाली सात हस्तियों को 'पद्म श्री' अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। पद्म अवार्ड से अलेंत होंगी उत्तर प्रदेश की यह विभूतियां... पद्म विभूषण..मुलायम सिंह यादव (मरणोपरांत)..पद्म श्री. .राधाचरण गुप्ता– साहित्य और शिक्षा.. दिलशाद हुसैन– कला.. अरविंद कुमार–साइंस और इंजीनियरिंग..उमा शंकर पांडेय–सामाजिक कार्य..मनोरंजन साहू–मेडिसिन..विश्वनाथ प्रसाद तिवारी– साहित्य और शिक्षा.. ऋत्विक सान्याल– कला।

# सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी से मांगा गया संपत्ति का विवरण

लखनऊ। पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से संपत्ति का विवरण मांगा गया है। यह विवरण गृह मंत्रालय की तरफ से संचालित स्पैरो सफ्टवेयर सिस्टम से संदेश भेज कर मांगा गया है। जबकि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को इस तरह का कोई विवरण नहीं देना होता है। दरअसल,केवल आईपीएस अधिकारियों को सेवा में रहते समय ही अपने संपत्ति का विवरण देना होता है। संपत्ति का विवरण हर साल देना होता है,लेकिन पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से साल २०२३ में वार्षिक संपत्ति का विवरण देने के लिए कहा गया है। जबकि भारत सरकार ने पूर्व आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर को मार्च २०२१ में अनिवार्य सेवानिवृति दे दी थी।



सामाजिक कार्यकर्ता नूतन ठाकुर ने बताया है कि सेवानिवृत्त होने के लगभग २ साल बाद स्पैरो सफ्टवेयर सिस्टम ने अमिताभ को यह मेसेज भेजा है,मैसेज में कहा गया है कि उनका १ जनवरी २०२३ को प्रेषित किया जाने वाला वार्षिक संपत्ति विवरण अभी नहीं मिला है। अतः उन्हें शीघ्रता करते हुए अपना संपत्ति विवरण प्रत्येक दशा में ३१ जनवरी तक भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएस अफसरों को सेवा में रहते समय प्रत्येक वर्ष अपना संपत्ति विवरण देना होता है लेकिन रिटायर होने के बाद यह बंद हो जाता है, इसके बाद भी स्पैरो सिस्टम एक सेवानिवृत्त अफसर से उसका संपत्ति विवरण मांग रहा है।

# केजीएमयू में हर्षोल्लास के साथ चिकित्सकों ने किया मां सरस्वती का पूजन

लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के शताब्दी लान प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ शारदालय में १११ वां माँ सरस्वती पूजन का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने माँ सरस्वती के पवन स्वरुप के दर्शन एवं पूजन कर उन्हें पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बसन्त पंचमी माँ सरस्वती की अराधना का पर्व है, जो हमें ज्ञान, सद्बुद्धि, विवेक और यश पदान करती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र छात्राओं के कार्यों की प्रशंसा की एवं शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में सरस्वती पूजा के उपरांत यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चिकित्सक एवं



एमबीबीएस व बीडीएस २१ के छात्र छात्राओं समेत विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूरे प्रांगण को एमबीबीएस २०२१ के छात्र छात्राओं द्वारा एमबीबीएस २०२० के छात्र छात्राओं के सहयोग से रंग बिरंगी रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. नरसिंह वर्मा, प्रो संदीप भट्टाचार्य विभाग द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. विनीत शर्मा, सीएमएस डॉ. एस एन शंखवार, प्रो. आर एन श्रीवास्तव, चीफ प्राक्टर छितिज श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शिवपाल यादव ने 'नेताजी' के लिए की 'भारत रत्न' की मांग

लखनऊ। समय–समय पर उत्तर प्रदेश की राजनीतिक सियासत को गरमाने वाले शिवपाल यादव एक बार फिर से समाजवादी पार्टी में आ गए हैं और अब उन्होंने यूपी के पूर्व सीएम और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' के लिए भारत रत्न' की मांग की है। गौरतलब है कि, यूपी विधानसभा चुनाव में हार के बाद छिड़ी चाचा–भतीजा की जंग मुलायम सिंह के निधन के बाद ही खत्म हो गई और दोनों फिर से एक–दूसरे के करीब आ गए। समाजवादी पार्टी की ओर से नेताजी के लिए अब 'भारत रत्न' की मांग और तेज होती जा रही है। पहले उनकी बहू और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने भारत रत्न की मांग की थी अब भाई शिवपाल सिंह यादव भी इस दौड़ में शामिल हो गए हैं। शिवपाल यादव आज २६



जनवरी के अवसर पर बेटे आदित्य यादव के साथ इटावा पहुंचे। यहां इटावा को–अपरेटिव बैंक में ध्वाजारोहण करने के बाद उन्होंने देश–प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, 'नेताजी' ने देश–प्रदेश के किसानों और नौजवानों की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। इसलिए वे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के हकदार हैं। उन्हें यह सम्मान मिलना चाहिए। इसी के साथ समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के लिए कहा कि, केशव प्रसाद बड़बोले हैं। अभी मैनपुरी आए थे, जसवंत नगर की जनता ने जवाब दे दिया। आगे हम बताएंगे कि चुनाव कैसे लड़ा जाता है।

# बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा में धूमधाम से मनाया गया ७४वां गणतंत्र दिवस

लखनऊ। नगर क्षेत्र जोन एक के बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा में बड़े ही धूमधाम के साथ ७४वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस



अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पाण्डेय ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और बताया गया कि २६ जनवरी को हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ। उन्होंने बताया कि देश का संविधान को तैयार करने में २ साल ११ महीने १८ दिन का समय लगा था। वैसे तो २६ नवंबर को हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हो गया था, लेकिन इसे दो महीने बाद यानी २६ जनवरी १६५० को लागू किया गया था। इसलिए २६ जनवरी का खास महत्व है। स्कूल की छात्रा अलशिफा ने बात को दोहराते हुए बताया कि आज के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव भी प्राप्त है। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी स्वाती शुक्ला, विद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती पप्पी राजपूत, राजेश जैसवाल, अध्यापिका सुनीता यादव व कई अभिभावक मौजूद रहे। झण्डारोहण के उपरांत सभी बच्चों ने देशभक्ति गानों पर एक से एक बढ़कर यादगार प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

# यूनाइटेड फोरम बैंक यूनियन्स की दो दिवसीय हड़ताल हुई स्थगित

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले ३० और ३१ जनवरी को होने वाली दो




दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल स्थगित कर दी गई है। दरअसल, आज बैंक प्रबंधन इंडियन बैंक एसोसिएशन के साथ यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के पदाधिकारियों की हुई दूसरी वार्ता में सहमति बन गई है। वहीं केंद्रीय उप श्रमायुक्त के पहल पर हुई बैठक में इंडियन बैंक एसोसिएशन ने बैंक कर्मियों की मांगो को फरवरी माह के पहले सप्ताह में समझौता वार्ता का आश्वासन दिया है। बता दें कि बैंक कर्मी अपनी ६ सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार काफी समय से राजधानी के अलग अलग बैंकों पर धरना दे रहे हैं। वहीं आज कपूरथला स्थित यूनियन बैंक अफ इंडिया पर बैंक कर्मियों ने ध ारना दिया। बता दें कि बैंक कर्मियों की प्रमुख मांगे ५ दिवसीय बैंकिंग यानी कि शनिवार और रविवार अवकाश घोषित किया जाए, ११वें वेतन संशोधन के लिए चार्टर ऑफ डिमांड के मुद्दो पर समाधान होना, बैंकों ने पर्याप्त भर्ती हो, नई पेंशन को रद्द करके पुरानी पेंशन बहाल की जाए, बैंक कर्मियों के काफी समय से लंबित मुद्दों को जल्दी से जल्दी निवारण किया जाए और १२वें वेतन संशोधन की मांग पर तत्काल एक्शन लिया जाए है।

# अलाया अपार्टमेंट हादसा में हुई एक और गिरफ्तारी, पुलिस ने मोहम्मद तारिक को किया अरेस्ट

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को अलाया अपार्टमेंट की बिल्डिंग जमींदोज हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आज शुक्रवार को एक और



आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मोहम्मद तारिक को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले सपा नेता शाहिद मंजूर के बेटे नवाजिश शाहिद को पुलिस गिरफ्तार कर किया था। वहीं पुलिस अब फहद याजदानी की तलाश कर रही है। पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में आईपीसी की धारा ३०८, ३२३, ४२०, १२० बी और ७ सीएलए में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि दो मौतों के बाद मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। हजरतगंज थाने के सीनियर सब इंस्पेक्टर दया शंकर द्विवेदी ने यह केस दर्ज कराया है। हालांकि रेस्क्यू अपरेशन चलाकर रेस्क्यू टीम ने १४ लोगों को बचा लिया है। जबकि इस हादसे में सपा नेता अब्बास हैदर की मां और पत्नी समेत तीन महिलाओं की मलबे में दबकर मौत हो गई।

# शिवपाल ने मौर्य के बयान से असहमति जताई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने रामचरितमानस पर अपनी पार्टी के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादास्पद बयान से असहमति जताते हुए मंगलवार को कहा कि यह उनका (मौर्य) 'निजी बयान' है और हम भगवान राम और कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं। इटावा जिले के जसवंनगर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे शिवपाल ने मौर्य के विवादित बयान के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, यह उनका व्यक्तिगत बयान है, न कि पार्टी का। हम लोग भगवान राम और ष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मौर्य के बयान से पार्टी को राजनीतिक नुकसान होगा, शिवपाल ने कहा, यह उनका निजी बयान था, न कि पार्टी का। सपा नेता ने खुद ही सवाल किया, क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग भगवान राम के आदर्शों का पालन करते हैं?

# बहुमंजिला इमारत ढहने के मामले में जांच समिति गठित

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में मंगलवार शाम एक बहुमंजिला इमारत ढहने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बुधवार को मंडलायुक्त की अगुवाई में तीन सदस्यीय जाँच समिति गठित की गई। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन सदस्यीय जाँच समिति गठित की गई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब की अगुवाई वाली इस समिति में लखनऊ के संयुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया तथा लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह समिति इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देगी। पिछले करीब १५ घंटे से जारी बचाव अभियान के दौरान इमारत के मलबे से अब तक १४ लोगों को निकाला जा चुका है जबकि तीन अन्य के फंसे होने की आशंका है। प्रशासन ने इस मामले में अपार्टमेंट के बिल्डर और भवन मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। इस बीच, प्रशासन ने अलाया अपार्टमेंट के बिल्डर और भवन मालिकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हजरतगंज की वजीर हसन रोड पर बनाए गए अलाया अपार्टमेंट के ढहने के मामले में उसके भवन मालिक मोहम्मद तारीफ, नवाजिश और शाहिद के साथ–साथ अपार्टमेंट के बिल्डर यजदान पर मुकदमा दर्ज कराया जाए। मंडलायुक्त ने यह भी आदेश दिए हैं कि लखनऊ शहर में यजदान बिल्डर द्वारा बनवाई गई अन्य इमारतों का चिह्नांकन कर जांच की जाए और अवैध निर्माण या खराब गुणवत्ता वाले निर्माण की स्थिति में तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाए। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि मामले की जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। गंगवार ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार शाम को ढहे 'अलाया अपार्टमेंट' के मलबे से अब तक १४ लोगों को निकाला जा चुका है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से १० की हालत स्थिर मगर खतरे से बाहर है जबकि चार को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मलबे में अभी तीन और लोगों के दबे होने की आशंका है उनमें से एक की तरफ से प्रतिक्रिया मिल रही है जबकि बाकी दो लोग कहां दबे हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के मुताबिक, इस चार मंजिला इमारत में १२ फ्लैट थे जिनमें से नौ में लोग रह रहे थे।

# छात्र संगठन ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीबीसी का वृत्तचित्र दिखाने की घोषणा की

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में बीबीसी के २००२ के गोधरा दंगों पर आधारित वृतचित्र को प्रदर्शित किए जाने को लेकर हुए बवाल के बाद एक छात्र संगठन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में इसे दिखाने की घोषणा की है। 'भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन' के अनुसार, वह दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैंपस में कला संकाय के बाहर शाम पांच बजे इसे प्रदर्शित करेगा। प्रशासन ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इस बीच, कांग्रेस से संबद्ध नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने नॉर्थ कैंपस में शाम चार बजे और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने आबेडकर यूनिवर्सिटी कश्मीरी गेट परिसर में दोपहर एक बजे वृत्तचित्र दिखाने



की घोषणा की है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का वृत्तचित्र 'इंडियारू द मोदी क्वेश्चन' दो भाग में है, जिसमें दावा किया गया है कि यह २००२ के गुजरात दंगों से संबंधित कुछ पहलुओं की पड़ताल पर आधारित है। २००२ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। विदेश मंत्रालय ने वृत्तचित्र को ''दुष्प्रचार का हिस्सा'' बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इसमें निष्पक्षता का अभाव है तथा यह एक औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने बुधवार को जामिया मिलिया इस्लामिया में वृत्तचित्र दिखाने की घोषणा की थी, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंच उसकी योजना विफल कर दी थी। जेएनयू में भी मंगलवार को वृत्तचित्र को प्रदर्शित किए जाने को लेकर बवाल खड़ा हो गया था।

# अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यालय पर फहराया झंडा



लखनऊ। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय, लखनऊ पर ध्वजारोहण किया। इससे पहले अखिलेश यादव ने सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि, ष्सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।ष् उन्होंने कहा कि, ष्आइये हम मिलकर ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें जिस में समाज के हर वर्ग के लिए प्रगति के समान अवसर उपलब्ध हों।'

# दुष्कर्म के तीन दोषियों को २०–२० साल कैद

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक अदालत ने एक किशोरी से दुष्कर्म के लगभग नौ साल पुराने मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें २०–२० साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों दोषियों पर ३८–३८ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कौशांबी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि सात जुलाई २०१४ को जिले के करारी थाना क्षेत्र में तीनों आरोपी एक नाबालिग (१५) को बहला–फुसलाकर भगा ले गए थे और उसके साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने बताया कि मामले में किशोरी के पिता ने १४ जुलाई २०१४ को करारी थाना में सामूहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया था। श्रीवास्तव के मुताबिक, अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इंदिरा नगर निवासी तीनों आरोपियों–वीरेंद्र, धन्ना पासी और संतोष पासी को सोमवार को दोषी करार देते हुए उन्हें २०–२० साल के कारावास और ३८–३८ हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। श्रीवास्तव ने बताया कि मुआवजे की राशि न अदा करने पर सभी दोषियों को तीन महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# सुप्रीम कोर्ट से आशीष मिश्रा को जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को २०२१ में हुए लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में बुधवार को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की पीठ ने निर्देश दिया कि आशीष अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान न तो उत्तर प्रदेश और न ही दिल्ली में रह सकेगा। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का किसानों द्वारा विरोध किए जाने के दौरान तीन अक्टूबर, २०२१ को हुई हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था और इस एसयूवी में आशीष बैठा था। इस घटना के बाद एसयूवी के चालक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं को गुस्साए किसानों ने कथित रूप से पीट–पीट कर मार डाला था।



हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पिछले साल २६ जुलाई को आशीष मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उसने इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

# न्यायपालिका को पीएमओ का हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है: कांग्रेस

नई दिल्ल। कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल है और न्यायपालिका को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' का उद्देश्य देश के सामने ऐसे 'खतरों' को उजागर करना है। रमेश ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा का उद्देश्य बढ़ती आर्थिक विषमता को उजागर करना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनावी लाभ के लिए कथित रूप से सामाजिक ध्रुवीकरण करने और देश में व्याप्त राजनीतिक तानाशाही को चिह्नित करना है। रमेश ने भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध ा का जिक्र करते हुए कहा, ''देश में अघोषित आपातकाल है। एक व्यक्ति का शासन है, संसद की अनदेखी की जा रही है, संसद में बहस नहीं होती है। हमारी सीमाओं पर खतरा इस बात का उदाहरण है, जिस पर ढाई साल बीत जाने के बावजूद चर्चा नहीं हो पाई है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''संविधान की अनदेखी की जा रही है, संवैधानिक निकायों को कमजोर किया जा रहा है और न्यायपालिका को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। हर दिन टिप्पणियां की जा रही हैं, न्यायपालिका को पीएमओ



(प्रधानमंत्री कार्यालय) का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है।'' उनकी टिप्पणी उच्चतर न्यायपालिका में नियुक्तियों के मुद्दे पर चल रही बहस की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें सरकार वर्तमान कलेजियम प्रणाली पर सवाल उठा रही है और उच्चतम न्यायालय इसका बचाव कर रहा है। रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''तो सवाल यह है कि जब देश को कोई तोड़ नहीं रहा, तो कांग्रेस भारत को एकजुट करने के लिए क्यों निकली है, हम कह रहे हैं कि देश विभाजित हो रहा है, खतरे हैं और अगर हम कदम नहीं उठाते, तो खतरे बढ़ेंगे, इसलिए हम आर्थिक विषमताओं, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। चुनावी रणनीति का यात्रा से कोई लेना–देना नहीं है।'' उन्होंने कहा, दो रास्ते हैं– एक रास्ता आरएसएस–भाजपा का है और अपने रास्ते के मुताबिक वे एक व्यक्ति, एक व्यवस्था का इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरा रास्ता सद्भाव का है, जो कांग्रेस का तरीका है, महात्मा गांधी का तरीका है, राहुल गांधी का तरीका है, जहां लोकतंत्र की शहनाई बजाई जा रही है.. ये दो रास्ते हैं, जो हमारे देश के सामने हैं।'' राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई। इसका समापन राहुल गांधी द्वारा श्रीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और ३० जनवरी को शेर–ए–कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में एक भव्य रैली को संबोधित करने के साथ होगा।

# दीपिका को 'भगवा बिकिनी' पहने देख भड़के दर्शक, हॉल में शुरू हो गई मारपीट

बरेली। बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' २५ जनवरी को रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने विरोध के बावजूद पहले दिन बक्स अफिस पर काफी अच्छी कमाई की है। लेकिन देश के अलग–अलग हिस्सों में फिल्म 'पठान' को लेकर विरोध लगातार जारी है। मध्य प्रदेश और बिहार के के बाद अब उत्तर प्रदेश से भी फिल्म के विरोध और मारपीट की खबर सामने आई है। यूपी के बरेली स्थित एक मल में फिल्म 'पठान' के समर्थक और विरोधियों का एक गुट आपस में भीड़ गया और जमकर लांत–घूंसे बरस पड़े। जिसके बाद मल में अफरा–तफरी मच गई और शपिंग करने आए लोग घबराकर वापस लौटने को मजबूर हो गए। ये घटना थाना इज्जत नगर के फिनिक्स मल की बताई गई है। पठान को लेकर जब दो गुट सामने–सामने हुए तो कई लोगों ने इस महासंग्राम को मोबाइलों में भी कैद कर लिया और उसका वीडियो बना लिया। ये वीडिया सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहे हैं।

# अवैध वसूली में दरोगा निलंबित

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कैसरगंज थाने के दरोगा घीसूराम सरोज को एसपी प्रशांत वर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरोगा पर मेडिकल रिप्रजेंटेटिव पर रौब दिखाकर अवैध ा वसूली करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि बहराइच में कैसरगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। एसपी वर्मा ने कैसरगंज थाने के दरोगा घीसूराम सरोज को एमआर से पुलिसिया रौब दिखाकर अवैध वसूली के मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। कैसरगंज थाने में तैनात दरोगा घीसूराम सरोज ने सुजौली निवासी प्रभात सिंह से फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की ध मकी देकर २५ हजार रुपये वसूले थे। पीड़ित प्रभात सिंह एक दवा कंपनी में एमआर है। उनका का कसूर था कि उसने एक महिला चिकित्सक की बिना अनुमति के सेल्फी खींची थी। पीड़ित एमआर ने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी ने शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से दरोगा घीसूराम सरोज को कल देर शाम निलम्बित किया गया है।

# विधानसभा पर राज्यपाल ने फहराया तिरंगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने ७४वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। राजभवन में ध्वजारोहण के पश्चात् राज्यपाल जी ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर विविध मनोरम झाँकियों का अवलोकन किया। ये झाँकिया प्रदेश के विभिन्न विभागों तथा विद्यालयों द्वारा निकाली गयी। परेड में सेना, पुलिस, पी०ए०सी०, होमगार्ड्स, एन०सी०सी० कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।



## नोएडा के सेक्टर–७४ में १५वीं मंजिल से गिरकर महिला वकील की मौत

नोएडा। भारत में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कई सालों से आत्महत्या के ग्राफ में इजाफा हुआ हैं। आम लोगों के साथ–साथ कई बड़ी हस्तियों ने भी जिंदगी को न चुनकर मौत को गले लगाया हैं। ताजा मामला नोएडा से आया है जहां एक कथित तौर पर कहा जा रहा है कि एक महिला वकील ने आत्महत्या कर ली हैं। नोएडा के सेक्टर–७४ में एक सोसायटी की १५वीं मंजिल से गिरकर २७ वर्षीय महिला वकील की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। यह घटना गुरुवार (२६ जनवरी) को सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में हुई। मृतक की पहचान सोमा के रूप में हुई है। गुरुवार की रात करीब आधी रात को मृतका जिस टावर में अपने परिवार के साथ रहती थी, उसकी बालकनी में खड़ी होकर फोन पर किसी से बात कर रही थी। उसी दौरान वह नीचे गिरी हैं। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही हैं। साथ में यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर वह आखिरी समय किससे फोन पर बात कर रही थी। शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मोबाइल फोन की सीडीआर चेक कर रही है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के वक्त मृतका के पिता, मां और बहन घर पर थे और गहरे सदमे में हैं। उसके माता–पिता ने पुलिस को बताया है कि मृतका काफी दिनों से किसी बात को लेकर परेशान थी।

# पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के बचाव में भाजपा सांसद


बदायूं (उप्र)। श्रीरामचरितमानस के कुछ हिस्सों पर पाबंदी लगाने की मांग करके विवादों से चौतरफा घिरे समाजवादी पार्टी (सपा) विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का उनकी बेटी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संघमित्रा मौर्य ने बचाव किया है। संघमित्रा का कहना है कि उनके पिता ने श्रीरामचरितमानस की जिस चौपाई का जिक्र करते हुए उसे आपत्तिजनक बताया है, उस पर विद्वानों के साथ चर्चा की जानी चाहिए। बदायूं से भाजपा की सांसद संघमित्रा ने संवाददाताओं से बातचीत में अपने पिता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस को लेकर की गई टिप्पणी पर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पिता जी ने रामचरितमानस को पढ़ा है। हालांकि मेरी इस संबंध में उनसे कोई बात नहीं हुई है लेकिन उन्होंने अगर एक चौपाई का उदाहरण दिया है तो शायद इसलिए क्योंकि वह लाइन स्वयं भगवान राम के चरित्र के विपरीत है। जहां भगवान राम ने जाति को महत्व दिए बगैर शबरी के जूठे बेर खाये, वहीं उस चौपायी में जाति का वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा, उन्होंने (स्वामी प्रसाद मौर्य) उस लाइन को संदेह की ष्टि से उद्धत करके स्पष्टीकरण मांगा तो हमें लगता है स्पष्टीकरण होना चाहिए। यह विषय मीडिया में बैठ कर बहस करने का नहीं है। हमें लगता है कि यह विश्लेषण का विषय है। इस पर विद्वानों के साथ बैठकर चर्चा होनी चाहिए। भाजपा सांसद ने कहा कि



जब हमें कोई चीज भगवान के विपरीत ही मिलती है तो हमें स्पष्टीकरण चाहिए होता है। संघमित्रा ने महान कवित्री महादेवी वर्मा की एक कविता में भी इस चौपाई पर सवाल उठाए जाने का दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भी कहा था कि वह हैरान हैं कि किसी महिला ने अभी तक इस पर उंगली क्यों नहीं उठाई। उन्होंने कहा, वह (मौर्य) हमारे पिता हैं, इसलिए मैं उनका बचाव नहीं कर रही हूं, बल्कि मैं कह रही हूं कोई व्यक्ति किसी भी बात को बोलता है तो उसकी बात को जब तक हम पूरी तरह समझ न लें, हमें टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। गौरतलब है कि सपा के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने गत रविवार को कहा था, 'रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों में जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर यदि समाज के किसी वर्ग का अपमान हुआ है तो वह निश्चित रूप से धर्म नहीं है। यह 'अधर्म' है।' मौर्य ने कहा था, रामचरित मानस की कुछ पंक्तियों में तेली और 'कुम्हार' जैसी जातियों के नामों का उल्लेख है जो इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाओं को आहत करती हैं।' मौर्य ने मांग की कि पुस्तक के ऐसे हिस्से, जो किसी की जाति या ऐसे किसी चिह्न के आधार पर किसी का अपमान करते हैं, पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गये थे। मौर्य ने कुशीनगर जिले की फाजिलनगर सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। हालांकि बाद में सपा ने उन्हें विधान परिषद का सदस्य बना दिया था।

# बांके बिहारी मंदिर के सामने गलियारा निर्माण के खिलाफ आंदोलन तेज

वृंदावन। बांके बिहारी मंदिर के सामने गलियारे के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। योजना के विरोध में गणतंत्र दिवस पर बांके बिहारी बाजार बंद रहा। बांके बिहारी व्यापार संघ के अध्यक्ष अमित गौतम ने शुक्रवार को दावा किया, "विरोध प्रदर्शन के १६वें दिन बृहस्पतिवार को बांके बिहारी बाजार में दुकानें बंद रहने से श्रद्धालुओं को चाय नाश्ता तक के लिए दूसरे इलाके में जाना पड़ा।" इस बीच, जिला मजिस्ट्रेट पुलकित खरे द्वारा गलियारा निर्माण के लिए आम सहमति बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने हाल के हफ्तों में विभिन्न समूहों से बातचीत की है। अधिकारियों ने कहा कि लोगों के हितों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर के पुजारी शशांक गोस्वामी ने दावा किया कि यदि गलियारा निर्माण का विचार नहीं छोड़ा जाता है तो स्थानीय निकाय चुनावों का बहिष्कार करने के निर्णय पर सभी एकमत हैं। यहां के स्थानीय संत नगरीदास बाबा के मुताबिक, गलियारा निर्माण से देवता क्रोधित होंगे, इसलिए मंदिर के आसपास के क्षेत्र से छेड़छाड़ करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। वृंदावन के निवासी पवन शास्त्री ने कहा कि बांके बिहारी से सटी कुंज गली का धार्मिक एवं पौराणिक इतिहास है और इन्हें



समाप्त करने से राधा रानी नाराज होंगी। हालांकि, छटूह संप्रदाय के पीठाधीश्वर फुलडोल महाराज के नेतृत्व में संतों के एक वर्ग ने गलियारा निर्माण की पहल के लिए योगी सरकार की सराहना की है। संतों द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि गलियारा का निर्माण किया जाना चाहिए और पुजारियों एवं व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

## महा शैतान या जल्लाद ...मुझ पर ईनाम घोषित करने वालों को क्या कहा जाए, स्वामी प्रसाद

लखनऊ। रामचरित मानस पर विवादित बयान देकर चर्चा में आए पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर से गलत बयानी को लेकर सुर्खियां में आ गए हैं। इस बार उन्होंने संतों, महंतों, धर्माचार्यों व जाति विशेष लोगों को महाशैतान या जल्लाद तक बोल दिया। दरसअल स्वामी प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को ट्वीट कर लिखा, अभी हाल ही में मेरे दिए गए बयान पर कुछ धर्म के ठेकेदारों ने मेरी जीभ काटने एवं सिर काटने वालों को इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर यही बात कोई



और कहता तो यही ठेकेदार उसे आतंकवादी कहते किंतु अब इन संतों, महंतों, धर्माचार्यों व जाति विशेष लोगों को क्या कहा जाए? महाशैतान या जल्लाद।

## ५५ यात्रियों को छोड़कर उड़ान भरने के लिए गो फर्स्ट पर लगाया गया १० लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। ६ जनवरी को ५५ यात्रियों के बिना बैंगलोर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के बाद एयरलाइन ऑपरेटर गो फर्स्ट पर १० लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन




अपरेटर गो फर्स्ट पर १० लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली गो फर्स्ट फ्लाइट ८८११६ कथित तौर पर ५५ यात्रियों के बिना उड़ान भरी थी। ये वो यात्री थे जिनके पास बोर्डिंग पास भी थे और उन्होंने अपना सामान भी चेक–इन कर दिया था लेकिन कथित तौर पर टरमैक पर फंसे हुए थे। इस घटना के बाद, डीजीसीए ने गो फर्स्ट के जवाबदेह प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया और पूछा कि एयरलाइन के खिलाफ उनके नियामक दायित्वों के उल्लंघन के लिए प्रवर्तन कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। एयरलाइन ऑपरेटर ने बुधवार, २५ जनवरी को कारण बताओ नोटिस पर अपना जवाब प्रस्तुत किया। गो फर्स्ट द्वारा प्रस्तुत जवाब से पता चला कि विमान में यात्रियों को चढ़ाने के संबंध में टर्मिनल समन्वयक (टीसी), वाणिज्यिक कर्मचारियों और चालक दल के बीच अनुचित संचार और समन्वय था। एयरलाइन ग्राउंड हैंडलिंग, लोड और ट्रिम शीट की तैयारी, उड़ान प्रेषण और यात्रीध्कार्गो हैंडलिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रही। इसलिए, नागरिक उड्डयन की नियामक संस्था ने कार सेक्शन ३, सीरीज सी, पार्ट II और एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर II, २०१६ के उल्लंघन के लिए एयरलाइन पर १० लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

# सरकारी अनाज पर निर्भरता लोगों की माली हालत का सूचक : मायावती

लखनऊ। केंद्र सरकार के विकास और गरीबी उन्मूलन के दावे पर सवाल खड़े करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती गुरुवार को कहा कि देश की करीब १०० करोड़ आबादी आज भी रोजी–रोजगार के अभाव में सरकारी अनाज पर निर्भर है जो साबित करता है कि लोगों की आर्थिक हालत बेहतर होने के बजाय बिगड़ी है। गणतंत्र दिवस पर बधाई देते हुये मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी संविधान की जनहित, जनकल्याणकारी व समतामूलक मंशा के अनुरूप देश विकास करे। इसके लिये सतत् प्रयास व अनवरत संघर्ष हर हाल में जारी रहेगा मगर जरूरी है कि केन्द्र व राज्य सरकारें इस मौके पर पूरी ईमानदारी से स्वंय का आकलन कर जरूर बतायें कि उन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान किये गये अपने वादों व संकल्पों को कितना निभाया है। उन्होंने कहा कि जनहित व विकास के सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में काफी अन्तर होने से जनता व सरकार के बीच विश्वास की कमी बढ़ती ही जा रही है। पहले यह हाल कांग्रेस की सरकार में था जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में भी जारी है। देश के लगभग १०० करोड़ लोगों को सम्मानजनक रोजी–रोजगार के अभाव में सरकारी अनाज पर ही निर्भर हो जाना यह साबित करता है कि देश के लोगों की आर्थिक हालत बेहतर होने के बजाय बिगड़ी है तथा विकास का सरकारी दावा ज्यादातर हवा–हवाई व छलावा है। ऐसे में देश कैसे प्रगति करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का देश की आम जनता के जीवन पर क्या कोई असर पड़ रहा है। क्या देश की पूँजी में विकास हो रहा है। क्या लोगों की क्रय शक्ति बढ़ रही है। क्या लोगों के पास अपना जीवन सही से व्यतीत करने के लिए अपनी कमाई बढी है या घटी है। दूसरी ओर, सरकार जनता से कदम–कदम पर महंगी जीएसटी कर वसूल करके रिकार्ड जीएसटी टैक्स बटोरने को ही अपनी सफलता मान कर चल रही है, जबकि कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश गरीबी, महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है।

# स्कूल में पढ़ने वाली दो सगी बहनों में से एक की नहीं पड़ेगी फीस

लखनऊ। यूपी सरकार प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ी योजना लागू करने जा रही है। यह योजना बेटियों को बेहतर शिक्षा देने में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना के तहत यदि निजी स्कूलों में दो सगी बहने पढ़ेगी तो उनमें से एक की फीस नहीं पड़ेगी। यह फीस प्रदेश सरकार की तरफ से स्कूल की दी जायेगी।सीएम योगी ने इस योजना की घोषणा की है। यह योजना जल्द से जल्द लागू हो सके। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सरकार पर पड़ने वाले वित्तीय भार की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। दरअसल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेटियों के लिए मुफ्त शिक्षा योजना की घोषणा की थी। सीएम ने कहा था कि अगर किसी स्कूल में दो सगी बहनें पढ़ रही हैं तो एक बहन की फीस



माफ करने के लिए उस स्कूल के प्रबंधन से बात की जाये। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि प्रबंधन के स्तर से ऐसा नहीं हो पाता है तो उनमें से एक बहन की फीस को प्रदेश सरकार देगी। इस योजना से लाखों छात्राओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।




# यूपी दिवस समारोह में पहुंचे CM योगी

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राजधानी के अवध शिल्पग्राम पहुंच चुके हैं। यहाँ उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर कार्यक्रम में वो शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश की तरक्की में सहायक और परिचायक बनीं १६ हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर रानी लक्ष्मी बाई और लक्ष्मण पुरस्कार सीएम योगी देंगें। इनमें तकरीबन हर क्षेत्र के लोगों को शामिल किया गया है। नोएडा के डीएम सुहास एलवाई को लक्ष्मण पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कोने–कोने से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, मुख्य सचिव, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री सूर्य प्रताप शाही समेत कई मंत्री और गणमान्य लोग मौजूद हैं। सीएम योगी शिल्पग्राम परिसर में लगे स्टालों का मुआयना कर उनके बारे में अधिकारियों से जानकारी ले रहे हैं।

# प्रियंका गांधी ने दी उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई



लखनऊ। कांग्रेस नेता और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने ट्विटर सन्देश के जरिये प्रदेशवासियों को इस खास दिन पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने लिखा है कि ये प्रदेश अनेक महापुरुषों की जन्म और कर्मस्थली रहा है ,जिन्होंने देश को आगे ले जाने का काम किया।

# पत्नी और बच्चों से मिलने पहुंचे पति की महिला ने दांत से काटी जुबान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज मामला सामने आई है। यहां के ठाकुरगंज इलाके के राधाग्राम मुहल्ले में पति–पत्नी के बीच इस कदर लड़ाई हुई कि पत्नी ने पति की जुबान (जीभ) दांत से काट ली। और जुबान कटकर गिर गई। आनन–फानन से परिजनों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय के अनुसार महिला का विवाह तीन साल पहले तकिया में रहने वाले मुन्ना के साथ हुआ था। मुन्ना मजदूरी करता है। एक साल से दोनों के बीच अनबन चल रहा है और अलग रह रहे हैं। इनके दो बच्चे मुन्ना के घर पर रहते हैं। सलमा और मुन्ना गुरुवार को बच्चों से मिलने गए थे। इस बीच दोनों का विवाद हो गया। विवाद के दौरान मारपीट शुरू हो गई। सलमा ने मुन्ना की जुबान दांत से काट ली। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े उन्होंने बीच जबाव कर दोनों को अलग किया। घायल मुन्ना को आनन फानन अस्पताल ले जाया गया। जहां, हालत गंभीर देख उसे भर्ती कर लिया गया। सलमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एसएफआई ने रखी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग तो एबीवीपी ने 'द कश्मीर फाइल्स' दिखाई

नई दिल्ली। हैदराबाद विश्वविद्यालय में एक सिनेमाई प्रदर्शन में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने पीएम मोदी पर बीबीसी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का आयोजन किया, जबकि आरएसएस से जुड़े एबीवीपी ने कैंपस में फिल्म द कश्मीर फाइल्स दिखाई। एसएफआई ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन की स्क्रीनिंग गणतंत्र दिवस के अवसर पर सफल रही, जिसमें ४०० से अधिक छात्र बीबीसी द्वारा निर्मित विवादास्पद दो–भाग की सीरिज देखने के लिए आए। वहीं, लेफ्ट छात्र संगठनों ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस में बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग करने की घोषणा की है। इसके बाद डीयू प्रशासन ने कैंपस में स्क्रीनिंग रोकने के लिए पुलिस से मदद मांगी है। एसएफआई–एचसीयू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके द्वारा आयोजित स्क्रीनिंग के लिए ४०० से अधिक छात्र आए, झूठे प्रचार और एबीवीपी द्वारा अशांति पैदा करने के प्रयासों हुए लेकिन हमनें उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। छात्र समुदाय को सलाम करता है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कैंपस लोकतंत्र के लिए खड़े हुए हैं। इसका मुकाबला करते हुए, एबीवीपी एचसीयू के छात्रों ने उसी दिन विश्वविद्यालय परिसर में द कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। हालांकि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने दावा किया कि स्क्रीनिंग के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और परिसर शांतिपूर्ण था, एबीवीपी ने आरोप लगाया कि परिसर में सुरक्षा अधिकारियों द्वारा उनके पदाधिकारियों के साथ मारपीट की गई। एबीवीपी एचसीयू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने फिल्म ष्द कश्मीर फाइल्सष के प्रदर्शन को रोकने का प्रयास किया। जब एबीवीपी कार्यकर्ता मुख्य द्वार से प्रोजेक्टर ला रहे थे, तो विश्वविद्यालय सुरक्षा ने हमारे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। प्रशासन द्वारा हमारे प्रोजेक्टर को जब्त करने का एक और प्रयास किया गया था।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान पर अखिलेश यादव ने तोड़ी चुप्पी

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मोर्य के विवादित बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आखिरकार चुप्पी तोड़ दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि हम सभी धर्मों का आदर और सम्मान करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तो यहां तक कहा है कि सभी धर्मों के साधु और संतों के उपदेशों और विचारों का सम्मान करते हैं,साथ ही उन विचारों को मानते भी हैं। सपा सुप्रिमों अखिलेश यादव ने यह बातें गुरुवार को गणतंत्र दिवस पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश का सबसे बड़ा धर्म देश का संविधान है। डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने जो संविधान दिया है और डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांत पर चलकर देश में तरक्की और खुशहाली लायी जा सकती है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार और उसकी नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार इंवेस्टर मीट के नाम पर खेल कर



रही है। बाहर से कोई निवेश नहीं आ रहा है। जिलों में कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने एक उद्योगपति पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोन देकर उद्योगपति को कहां से कहां पहुंचा दिया।

# 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर व्यापारियों ने ली अनिवार्य मतदान की शपथ

लखनऊ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस (२५ जनवरी, बुधवार) के अवसर पर श्उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडलश के बैनर तले व्यापारियों ने प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा, लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है। मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, व्यापारियों को चुनाव में जाति, धर्म में ना बंटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा, तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा, जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितों को अनिवार्य मतदान के लिए जागरूक करना होगा। संजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में व्यापारी अपने परिजनों के साथ वोटों का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखें। उन्होंने कहा, राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं। अतः नागरिकों को इस भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना चाहिए। शपथ कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, मोहम्मद सलीम, ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव, प्रिंस कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, कोषाध्यक्ष रवि, लवलेन मार्केट के कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौस अहमद, भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सोलर इकाई के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ,प्राइम पैलेस के प्रभारी आशीष आनंद, रामेष्ण शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, श्याम सुंदर अग्रवाल, देवराज अरोड़ा, अमित गुप्ता, मोहम्मद बशर, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तारिक आदि व्यापारी शामिल थे।

# आजाद समाज पार्टी का विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और राष्ट्रीय लोकदल से खतौली क्षेत्र के विधायक मदन भैया के काफिले पर पथराव और तोड़फोड़ किया गया था। वहीं घटना को लेकर आज राजधानी लखनऊ में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि घटना को अंजाम देने वालो की गिरफ्तारी के लिए भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने पुराने हाई कोर्ट पर पैदल मार्च करके विरोध प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम का एसीपी हजरतगंज को ज्ञापन सौंपा। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष लखनऊ अजय कुमार आनंद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के ऊपर हमला करने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। वहीं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार से चंद्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा की भी मांग उठाई। जिलाध्यक्ष अजय कुमार आनंद ने आगे कहा कि हमला करने वालों का पता चल चुका है लेकिन पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी नही की। इसके अलावा उन्होंने इस हमले का जिम्मेदार सत्ता पक्ष को बताया है।

# 'सॉल्वर' गिरोह के सदस्य समेत दो गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में 'सॉल्वर' (प्रश्नपत्र हल करने वाले) को बैठाकर परीक्षा कराने के मामले में एक अभ्यर्थी तथा सल्वर को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सीटीईटी परीक्षा में अपने स्थान पर 'सॉल्वर' बैठाकर प्रश्नपत्र हल कराने वाले अभ्यर्थी शुभम यादव और बिहार निवासी 'सॉल्वर' मनीष कुमार खरवार को बुधवार को लखनऊ के बंथरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से तीन फर्जी आधार कार्ड, एक पैन कार्ड तथा दो प्रवेश पत्र बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि सीटीईटी परीक्षा में बंथरा स्थित सुल्तान फाउंडेशन में अभ्यर्थी शुभम यादव के स्थान पर एक 'सॉल्वर' परीक्षा देने जा रहा है इस पर एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर शुभम और सल्वर मनीष को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार खरवार ने पूछताछ में एसटीएफ को बताया कि वह वर्ष २०१६ से पटना के कंकड़बाग में रहकर लोक सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसने



बताया कि घर की आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण वह अंशकालिक नौकरी ढूंढ़ रहा था और इसी बीच उसकी मुलाकात राजीव तथा सुरेन्द्र से हुई जो साल्वर का एक संगठित गिरोह चलाते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह गिरोह शुरू से ही अभ्यर्थी के फार्म पर सॉल्वर की ही फोटो व बायोमैट्रिक जानकारी देते थे जिससे मूल अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाते समय फोटो व बायोमैट्रिक का मिलान हो जाये। इसमें परीक्षा के समय मूल अभ्यर्थी के पहचान पत्र को फोटोशाप के माध्यम से एडिट कर सॉल्वर की फोटो लगा दी जाती है, जिससे वे पकड़े नहीं जाते। खरवार ने बताया कि उसे इस गिरोह के लिए काम करने पर प्रति परीक्षा १० से १५ हजार रूपये दिए जाने की बात कही गई। उसने बताया कि वह रूपये कमाने की लालच में आकर वर्ष २०१६ से सॉल्वर बनकर अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने का काम कर रहा है। उसने हाल ही में रांची, लखनऊ तथा कानपुर में सॉल्वर के रूप में कई अभ्यर्थियों के स्थान पर बैठकर परीक्षा दी थी। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ बंथरा थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## धार्मिक नारेबाजी की जांच के लिए समिति गठित की

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) ने बृहस्पतिवार को गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद एनसीसी कैडेट के एक समूह द्वारा कथित धार्मिक नारेबाजी करने की खबरों की जांच के लिए तीन सदस्यीय एक समिति शुक्रवार को गठित की। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रवक्ता उमर पीरजादा के मुताबिक, इस जांच समिति को पांच दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। पीरजादा ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि यह समिति पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को आधिकारिक कार्यक्रम समाप्त होने और लोगों के तितर बितर होने के बाद यह कथित घटना घटी। इस घटना का वीडियो बृहस्पतिवार को ही सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था जिसमें एक विद्यार्थी को नारेबाजी करते हुए देखा गया। पीरजादा ने बताया कि उक्त विद्यार्थी को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। सत्रह सेकेंड के उस वीडियो में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट के एक समूह को झंडारोहण स्थान के पास दो बार 'अल्ला हू अकबर' का नारा लगाते हुए सुना गया। १६ सेकेंड के एक अन्य वीडियो में एनसीसी कैडेट के एक समूह को एक भवन के सामने भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाते सुना जा सकता है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को इस विश्वविद्यालय के लोकाचार में 'विपथन' के तौर पर देखा जाना चाहिए क्योंकि शुक्रवार को विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में अनलाइन हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस ने इस घटना को संज्ञान में लिया है और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अधिकारियों को इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अमीश जमाई ने कहा कि यह पूरी घटना इस संस्थान को बदनाम करने का षड़यंत्र है। सच्चाई का पता लगाने के लिए इस पूरे घटनाक्रम की जांच की जानी चाहिए। नगर के भाजपा नेता निशीथ शर्मा ने कहा कि इस शुभ अवसर पर धार्मिक नारेबाजी एक बहुत गंभीर मामला है।

# द्रवित करने वाली है नाटक कहानी एक कोठे की का मंचन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन निदेशालय, संगीत नाटक अकादमी, नव अंशिका फाउंडेशन और थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित दस दिवसीय लखनऊ



नाट्य समारोह शनिवार को नाटक कहानी एक कोठे की के मंचन के साथ सम्पन्न हो गया। समारोह का आयोजन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में किया गया था। चन्द्रभाष सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक कहानी एक कोठे की में समाज के उस तबके की बात की गई जिसे हम कभी अच्छी नजर से नहीं देखते। कोठे पर काम करने वाली लड़कियां पुरुष के भोग की वस्तु तो हैं लेकिन सम्मान की हकदार नहीं हैं। यह नाटक यह बताता है कि वेश्यावृत्ति के जरिये धन कमाना आसान काम नहीं है। एक कोठे के संचालन में कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यह समझना भी आसान काम नहीं है। यह नाटक उन वजहों पर रौशनी डालता है जिसकी वजह से लड़कियों को ऐसा घिनौना काम करने को मजबूर होना पड़ता है। कोठे पर काम करने वाली हर लड़की की हर कहानी अलग है लेकिन हर कहानी द्रवित करने वाली है। शरीर बेचने वाली लड़की वास्तव में अपना जमीर भी बेचती है। कोठे पर काम करने वाली एक ऐसी लड़की है जिसका १३ साल की उम्र में बलात्कार किया गया। जिसने बलात्कार किया उसे वह भईया बोलती थी। उसे इंसाफ तो नहीं मिला उलटे मां–बाप को समाज की बातें सुननी पड़ीं। थक हारकर वह कोठे पर आई। कोठे पर एक नौजवान इसलिए आता है क्योंकि उसे अपनी गायब हो गई बहन की तलाश है। कोठे पर स्थानीय विधायक का बेटा आकर जबरदस्ती करता है और मना करने पर कोठे पर पुलिस का छापा डलवाता है। कोठे पर पुलिसकर्मी आता है और अपनी मर्जी की करके चला जाता है। कोठे की मालकिन की नौ साल की बेटी पर विधायक के बेटे की नजर है। इसी मुद्दे पर कोठे की संचालिका और विधायक के बेटे में झगड़ा होता है और अपनी बेटी की इज्जत बचाने के लिए वह उसे गोली मार देती है। इस नाटक में जूही कुमारी, निहारिका कश्यप, एश जायसवाल, श्रुति पाण्डेय, साक्षी अवस्थी, विशाल वर्मा, करण दीक्षित. अग्नि सिंह, अंशुल पाल, राम चरन, वरुण सिंह, आशीष सिंह, कोमल प्रजापति, विशाल वर्मा और अंजली सिंह ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

## 'हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था और...', 11 अगस्त को रिलीज होगी सनी देओल की फिल्म 'गदर 2'

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म 'गदर २' ११ अगस्त को रिलीज होगी। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही सनी देओल – अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म 'गदर २' फिल्म 'गदर एक प्रेम कथा' का सीक्वल है। सन्नी देओल ने फिल्म गदर २ का पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। सनी देओल ने 'गदर २' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, शहिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद



था और जिंदाबाद रहेगा। इस स्वतंत्रता दिवस पर हम आपके लिए इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म का सीक्वल ला रहे हैं। 'गदर २' इस साल ११ अगस्त को रिलीज होने वाली है। उल्लेखनीय है कि सन्नी देओल ने वर्ष २००१ में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' में सिख तारा सिंह की कहानी थी, जिसे एक पाकिस्तानी मुस्लिम लड़की सकीना से प्यार हो जाता है। उत्कर्ष शर्मा, जिन्होंने फिल्म गदर में सनी और अमीषा के बेटे जीते की भूमिका निभाई थी, अगली कड़ी में भी अपनी भूमिका दोहराते हुए नजर आएंगे।

## 'मेरी सास भूत है' दर्शकों का खूब कर रही मनोरंजन


नई दिल्ली। स्टार भारत के शो श्मेरी सास भूत हैश (एमएसबीएच) को दर्शकों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। शो में अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं जो एक भूतिया सास बनी है और अपनी बहू को परेशान करने और मरने के बाद भी उसे ताने मारने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। टीवी शो की अन्य सासों के विपरित सुष्मिता को श्रेखाश के रूप में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं और शो में भूत की भूमिका निभाने वाली सुष्मिता अपने दर्शकों के साथ भूतों के अस्तित्व के बारे में अपनी बातें साझा करती हैं। सुष्मिता ने एक बयान में कहा कि, "मैं व्यक्तिगत रूप से भूतों में विश्वास करती हूं क्योंकि किसी के मरने के बाद उसकी आत्मा शरीर से निकल जाती है, लेकिन अपनी अधूरी




इच्छाओं को पूरा करने के लिए ऊर्जा के रूप में वातावरण में मौजूद रहती है। हालांकि, आत्मा इधर–उधर भटकती रहती है और अटकी हुई महसूस करती है क्योंकि उसके पास अब बोलने और काम करने के लिए शरीर नहीं होता है और यही वह ऊर्जा है जिसे हम भूत कहते हैं। इसी प्रकार, मैं भूत श्रेखाश की भूमिका निभा रही हूं जो अन्य भूतों के विपरीत मनोरंजन करेगी क्योंकि मेरा रोल बहुत अलग और चंचल प्रवृति का है और इसलिए मुझे विश्वास है कि यह नाटकीय शो दर्शकों को आनंदित करेगा और उन्हें इसे देखने में बहुत मजा आएगा।" इस शो में विभव रॉय, भावना बलसावर, विक्की आहूजा और विशाल चौधरी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह 'फिल्म फार्म प्रोडक्शंस' के बैनर तले बनी है और स्टार भारत पर प्रसारित हो रही है।

## योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री

लखनऊ। अपने चमत्कारों के चलते विवादों में घिरे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण



शास्त्री यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इसको लेकर धीरेन्द्र शास्त्री की तरफ से सीएम अफिस से समय मांगा गया है। गौरतलब है कि बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री कई संगठनों के निशाने पर हैं। कई संतों ने उनके चमत्कार को ढोंग करार दिया है और समाज में पाखंड को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इसके आलावा धीरेन्द्र शास्त्री आगामी दो फरवरी को प्रयागराज के पास बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का दरबार लगने जा रहा है। जहां हजारों धर्मावलम्बियों के पहुँचने की उम्मीद है।

## आईएएस अफसर अनिल कुमार का निधन

लखनऊ। आईएएस अनिल कुमार का निधन गुरुवार को हो गया है। वह गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती थी। अनिल कुमार अनुसूचित जाति वित्त



विकास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात थे। वह यूपी कैडर के १६६६ बैच के आईएएस अधिकारी थे। यह गाजीपुर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि अनिल कुमार को चेस्ट और किडनी में संक्रमण के बाद लखनऊ के केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर कुछ दिन पूर्व ही मेदांता अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुये थे।

## अभिनेत्री-निर्देशक एवं पूर्व सांसद जमुना का निधन

हैदराबाद। फिल्म सत्यभामा के अपने किरदार से मशहूर जानी–मानी अभिनेत्री–निर्देशक एवं पूर्व सांसद जमुना का शुक्रवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। अभिनेत्री ८६ वर्ष की थीं। उनके परिवार में एक



पुत्र वामसी जुलुरी और पुत्री श्रवणती हैं। उनके पति जुलुरी वेंकट रमना राव का २०१४ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। कर्नाटक के हम्पी में जन्मी जमुना ने १६ साल की उम्र में डॉ. गरिकापति राजाराव की पुत्तिल्लु (१६५३) से अभिनय की शुरुआत की और एल. वी. प्रसाद की मिसम्मा (१६५५) से उन्हें सफलता मिली। उन्होंने तमिल, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में काम किया है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email- adbhutsamachar@yahoo.in adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।


समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक